# पीटीसी इंडिया लिमिटेड

PTC India

सीआईएन : L40105HDL1999PLC099328
**पंजीकृत कार्यालय** : द्वितीय तल, एनबीसीसी टावर, 15, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066
**फोन** : 011 – 41659500, 41595100, 46484200, **फैक्स** : 011 – 4165944
**ई–मेल** : info@ptcindia.com, **वेबसाइट** : www.ptcindia.com

## 23वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, रेकार्ड तिथि और रिमोट ई–वोटिंग की जानकारी

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पीटीसी इंडिया लिमिटेड **(कम्पनी)** के सदस्यों की 23वीं वार्षिक आम बैठक **(एजीएम)** शुक्रवार, 30 दिसम्बर, 2022 को अप. 03.00 बजे **(आईएसटी)**, वीडियो कॉन्फ्रेन्स **(वीसी)** के माध्यम से, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। यह एजीएम कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 (सूचीयन विनियमावली) के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 (दिनांकित 8 अप्रैल, 2020), 17/2020 (दिनांकित 13 अप्रैल, 2020), 20/2020 (दिनांकित 5 मई, 2020), 22/2020 (दिनांकित 15 जून, 2020), 02/2021 (दिनांकित 13 जनवरी, 2021), 20/2021 (दिनांकित 8 दिसम्बर, 2021) तथा 2/2022 (दिनांकित 5 मई, 2022) ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 एवं सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी /2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 ("सेबी सर्कुलर्स") के लागू प्रावधानों के अनुपालन में सदस्यों की किसी एक स्थान पर भौतिक उपस्थिति के बिना एजीएम के संचालन हेतु आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट सहित केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा उन सदस्यों को भेजी जा रही है, जिनकी ई–मेल आईडी'ज कम्पनी/आरटीए/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(पार्टिसिपेंट्स) के पास पंजीबद्ध है। कृपया नोट करें कि सदस्यों को 23वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता, एमसीए सर्कुलर/तथा सेबी सर्कुलर/सर्कुलर्स द्वारा समाप्त कर दी गई है। तथापि सेबी सर्कुलर के अनुसरण में, वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन शेयरधारकों को भेजी जाएगी, जो उसके लिए हमसे cs@ptcindia.com पर अनुरोध करेंगे। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट https://www.ptcindia.com/annual-report/ पर तथा बीएसई लिमिटेड और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट्स www.bseindia.com और www.nseindia.com क्रमानुसार पर तथा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगे।

एजीएम की सूचना में वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु अनुदेश और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की विस्तृत विधि दी जा रही है। कम्पनी, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी व्यवसायों पर, लागू प्रावधानों के अनुसार ग्राह्य सदस्यों को, रिमोट ई–वोटिंग सुविधा ("रिमोट ई–वोटिंग") तथा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम की सुविधा ("ई–वोटिंग") (सामूहिक रूप से "इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग" कही गई हैं) प्रदान कर रही है। रिमोट ई–वोटिंग की अवधि 27 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 9.00 बजे आरंभ होगी तथा 29 दिसम्बर, 2022 को सायं 5.00 बजे समाप्त होगी। कम्पनी के सदस्य, जो 23 दिसम्बर, 2022 की कट–ऑफ तिथि को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयर्स के धारक हैं, अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अथवा एजीएम के समय पर ई–वोटिंग द्वारा डाल सकते हैं। जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला होगा, वे एजीएम में ई–वोटिंग द्वारा वोट डाल सकेंगे। वीसी के माध्यम से भाग ले रहे सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति हेतु की जाएगी।

जिन सदस्यों ने अपना ई–मेल पता कम्पनी या आरटीए के पास पंजीकृत नहीं करवाया है, वे एजीएम की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट तथा ई–वोटिंग सहित वीसी के माध्यम से एजीएम से जुड़ने के लिए लॉगइन विवरण प्राप्त करने के लिए अपना ई–मेल पता पंजीकृत करवाने के लिए अपना अनुरोध कम्पनी को cs@ptcindia.com पर भेजें, जिसमें अपना नाम, फोलियो नंबर/डीपीआईडी एवं क्लाइंट आईडी, क्लाइंट मास्टर कॉपी अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति (अभौतिक धारण के मामले में), शेयर सर्टिफिकेट की प्रति – फ्रंट और बैक (भौतिक धारण के मामले में), पैनकार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति तथा आधारकार्ड की स्व–सत्यापित स्कैन प्रति ईमेल पता पंजीकरण के समर्थन में उपलब्ध कराएं।

ई–मेल आईडी के स्थायी पंजीकरण के बारे में विशिष्ट विवरण के लिए, कृपया कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध एजीएम की सूचना में दिए गए अनुदेश देखें।

यदि ई–मेल आई कम्पनी/डिपॉजिटरी के पास पहले ही पंजीबद्ध है, ई–वोटिंग के लॉगइन विवरण सदस्य के पंजीकृत ई–मेल पते पर भेजा जा रहा है। वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए इन्हीं प्रत्ययपत्रों (क्रेडेन्शियल्स) का प्रयोग किया जाना चाहिए। यदि सदस्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के लिए पहले से पंजीकृत है, तो सदस्य अपने वर्तमान लॉगइन क्रेडेन्शियल्स का प्रयोग एनएसडीएल की रिमोट ई–वोटिंग सुविधा के लिए कर सकता है और उन्हीं क्रेडेन्शियल्स का प्रयोग वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए किया जा सकता है। पंजीकरण के बारे में अतिरिक्त विवरण और जानकारी के लिए, कृपया एजीएम की सूचना देखें।

कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जित करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा 23 दिसम्बर, 2022 की कट–ऑफ तिथि को शेयर धारक है, वह एजीएम की सूचना में वर्णित अनुदेशों का पालन कर अथवा evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

कम्पनी ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सुविधा और वीसी सुविधा प्रदान करने के लिए एजेन्सी के रूप में एनएसडीएल की सेवाएं अनुबंधित की हैं। किसी पूछताछ की स्थिति में, जिसमें रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में वोटिंग के साथ संबंधित मुद्दे और चिंताएं शामिल हैं, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स (एफएक्यू'ज) तथा शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग यूजर मैनुअल देखें अथवा टोल फ्री नंबर : 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल करें या evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजें।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बहियां 17 दिसम्बर, 2022 से 30 दिसम्बर, 2022 तक (दोनों तिथियों सहित) वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए इक्विटी शेयरों पर अंतिम लाभांश, यदि बैठक में घोषित किया गया, के लिए ग्राह्य सदस्यों के नामों के निर्धारण हेतु बंद रहेंगी। यह नोट करें कि आयकर अधिनियम, 1961, वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा संशोधित में अनिवार्य किया गया है कि कम्पनी द्वारा, 01 अप्रैल, 2021 को या उसके पश्चात, भुगतान या संवितरित किया गया लाभांश शेयरधारकों के हाथों में कर योग्य होगा। इसलिए कम्पनी को लाभांश का भुगतान करते समय, निर्धारित कर दरों पर, स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) करनी होगी। यह नोट करें कि सदस्यों से एजीएम की सूचना में दिए गए विस्तृत अनुदेश देखने और कर संबंधी दस्तावेज/घोषणाएं कम्पनी के ई–मेल पते helpdeskdelhi@mcsregistrars.com पर 16 दिसम्बर, 2022 तक प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है।

सदस्यों से लाभांश की प्राप्ति के लिए अपना ई–मेल पता और बैंक खाता विवरण पंजीकृत करवाने का अनुरोध किया जाता है। पंजीकरण की प्रक्रिया नीचे वर्णित अनुसार है :

| | |
|---|---|
| भौतिक धारण के मामले में | अपना विवरण निर्धारित प्रपत्र आईएसआर–1 और अन्य संबंधित प्रपत्रों में कम्पनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट नामतः एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेन्ट लिमिटेड के पास पंजीकृत/अद्यतन करवाएं। उक्त प्रपत्र और सेबी सर्कुलर (सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी–आरटीएएमबी/पी/सीआईआर/2021/655 दिनांकित 03 नवम्बर, 2021, यथा संशोधित) के संबंधित प्रावधान कम्पनी की वेबसाइट www.ptcindia.com पर उपलब्ध हैं। |
| अभौतिक धारण के मामले में | कृपया अपने डीपी से सम्पर्क करें और अपना ई–मेल पता तथा अपने डीमैट खाते में बैंक खाता विवरण, आपके डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवाएं। |

सदस्यों से अनुरोध है कि एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से एजीएम से जुड़ने हेतु अनुदेश, रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से तथा एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विधि ध्यानपूर्वक पढ़ें।

*एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सदस्यों को, लागू कानूनों के अनुसार, उनके पंजीकृत ई–मेल पते पर यथा समय भेजी जाएंगी।*

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते **पीटीसी इंडिया लिमिटेड**

हस्ता./–
(राजीव माहेश्वरी)
कम्पनी सेक्रेटरी

**तिथि : 03.12.2022**
**स्थान : नई दिल्ली**

12x24